दिनांकः २५.०६.२०२४ समय : ०६:०० ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा २७ जून को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में करेंगे हस्तांतरण।
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जयपुर में सीकर रोड़ पर साढ़े ३६ करोड़ रुपये लागत की ड्रेनेज परियोजना का करेंगी शिलान्यास।
- राज्य के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में बारिश से गर्मी और उमस से निजात-पश्चिमी क्षेत्रों में तेज गर्मी और उमस का दौर।
- आईसीसी टी-२० क्रिकेट विश्व कप में भारत सेमीफाइनल में पहुंचा-सुपर-८ मुकाबले में अहस्ट्रेलिया को २४ रन से हराया।

ooo

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा २७ जून को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण करेंगे। इसे लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कल जयपुर में समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि सभी जिलों के स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित हों, जिनमें लाभाथियों को बढ़ी हुई राशि एक साथ हस्तांतरित हो सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ८८ लाख से ज्यादा लाभार्थियों के खातों में १ हजार ३८ करोड़ ५५ लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम २७ जून को झुंझुनूं में आयोजित किया जाएगा। श्री पंत ने झुंझुनू जिला कलेक्टर को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारी पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर्स और कोअहपरेटिव विभागों के अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये। बैठक में सम्बंधित विभागों के अधिकारी और जिलों के कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।

ooo

देश में आपातकाल के आज पचास साल पूरे हो गये हैं। वर्ष १९७५ में आज ही के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आपातकाल' की घोषणा की थी। भारतीय जनता पार्टी इस दिन को काले दिवस के रूप में मना रही है। मुख्यमंत्री आवास पर आज शाम को मीसा बंदियों का सम्मान भी किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मीसा बंदियों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने १ हजार ३०० से ज्यादा मीसा बंदी और डी.आई.आर. बंदियों को आमंत्रित किया है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि पार्टी सभी जिला मुख्यालयों पर विचार गोष्ठी का आयोजन करेगी। इसमें प्रबुद्ध जन, डहक्टर, वकील, इंजीनियर, विद्यार्थी और नौजवान सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

ooo

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज जयपुर में सीकर रोड़ पर ३६ करोड़ ६२ लाख रुपये की लागत की ड्रेनेज परियोजना का शिलान्यास करेंगी। इस प्रोजेक्ट के तहत सीकर रोड पर मुरलीपुरा से द्रव्यवती नदी तक नये नाले का निर्माण किया जाएगा। काम के पूरा होने पर सीकर रोड पर मानसून में पानी के भराव की समस्या से पूरी तरह से निजात मिल सकेगी। ये परियोजना अगले साल जून महीने तक पूरी होने की उम्मीद है।

ooo

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया।

ooo

अजमेर में मॉनसून के दौरान विभिन्न पौधरोपण स्थलों की मॉनिटरिंग के लिए तरू अजमेर पोर्टल का नवाचार किया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कल इसका शुभारंभ किया। अजमेर को हरा भरा करने के उद्देश्य से

जिला प्रशासन आमजन की भागीदारी से लगभग १० लाख पौधे लगाएगा। इस दौरान पौधरोपण स्थलों की जीयोटेगिंग के साथ मॉनिटरिंग करने के लिए प्रशासन ने तरू अजमेर पोर्टल तैयार किया है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से -

...............

ooo

प्रदेश में दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में हो रही बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। वहीं उत्तरी और पश्चिमी जिलों में तापमान बढ़ने और उमस से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पिछले २४ घंटों में राज्य में कई जगह बारिश हुई।

भरतपुर में करीब एक घंटे तक तेज बरसात हुई। झमाझम हुई बरसात से निचली बस्तियों में जल भराव की समस्या आ गई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि तेज बरसात से किसानों के चेहरे चमक उठे और उन्होंने आगामी खरीफ की फसल की बुवाई के लिए तैयारी शुरू कर दी। डूंगरपुर जिले में आधी रात तक रिमझिम बरसात जारी रही। इससे सड़को पर पानी भर गया। कोटा में दिनभर तेज धूप के बाद शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। झालावाड में हल्की बरसात दर्ज की गयी। नीम का थाना में भी हुई तेज बरसात से लोगों ने गर्मी से निजात पाई।

..............

उधर, जोधपुर संभाग के जिलों तथा उत्तरी क्षेत्रों में तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित रहा। जैसलमेर में कल पारा ४५ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सर्वाधिक रहा। हनुमानगढ़ में भी पारा ४२ डिग्री से ऊपर रहने और उमस के कारण लोग परेशान रहे।

ooo

जीएसटी करदाता अब यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड से भुगतान कर सकेंगे। वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त डह्. रवि कुमार सुरपूर ने बताया कि राजस्थान में जीएसटी करदाताओं के लिए भुगतान सुविधा बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने सहित प्रभावी भुगतान विकल्प देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। हाल ही में राज्य कोषागार और जीएसटी पोर्टल के एकीकरण के तहत यह सुविधा करदाताओं को उपलब्ध करवायी गयी है। वर्तमान में वैट करदाताओं के लिए पहले से ही सुविधा उपलब्ध है।

ooo

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि नये कानून और अधिक पीड़ित केन्द्रित बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव के साथ लाए गये हैं।

पीड़ित पहली बार, धारा ४०४ के तहत न्यायलय में आवेदन कर निर्णय की मुफ्त प्रति प्राप्त करने के हकदार बने हैं। अब तक पीड़ित को निर्णय की प्रति देने का कोई प्रावधान नहीं था और पीड़ित को लंबे समय तक निर्णय को अह्नलाइन अपलोड होने का इंतजार करना पड़ता था। फैसले की मुफ्त प्रति के अलावा, फैसले की घोषणा को समयबद्ध कर दिया गया है और इसे धारा ३६२ के अनुसार एक सख्त समय सीमा के भीतर अह्नलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाना चाहिए।

ooo

आईसीसी टी-२० क्रिकेट विश्व कप में भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कल हुए सुपर-८ मुकाबले में भारतीय टीम ने अह्स्ट्रेलिया को २४ रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने २० ओवरों में २०५ रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र १६ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने ४१ गेंदों में ६४ रन की पारी खेली। अह्स्ट्रेलियाई टीम सात विकेट के नुकसान पर १८१ रन ही बना सकी। भारत के अर्शदीप सिंह ने तीन और कुलदीप यादव ने दो विकेट झटके। जबकि बुमराह और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया। रोहित शर्मा को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर अह्फ द मैच चुना गया।

ooo